# जर्जर भवनों में दांव पर नौनिहालों का जीवन

## भरभराकर गिरी डाबड़ी गांव में प्राथमिक विद्यालय की छत, रात्रि में हुई घटना से अनहोनी टली



नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 01 अगस्त, का. अनवरत् हो रही बारिश के चलते जिले के कई जीर्णशीर्ण शाला भवनों पर खतरा मंडरा रहा है. एक के बाद एक जर्जर शाला भवन की छत, मलबा गिरने की घटनाएं सामने आ रही है.**

विगत दिवस सारंगपुर विकासखण्ड के उदनखेड़ी के समीप कमलसरा स्कूल भवन की छत का हिस्सा गिरने के बाद बीती रात्रि को राजगढ़ विकासखण्ड के खुजनेर के समीप सुस्तानी संकुल अंतर्गत डाबड़ी गांव स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की छत का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया. सौभाग्य से रात्रि के समय यह घटना होने से किसी प्रकार की कोई अनहोनी होने से बच गई.

जानकारी के अनुसार खुजनेर के समीप संकुल केन्द्र सुस्तानी के तहत प्राथमिक विद्यालय डाबडी के जीर्णशीर्ण भवन के कक्ष की छत का एक बड़ा हिस्सा रात्रि में गिर गया. घटना का पता शुक्रवार की सुबह चला जब स्टॉफ के कर्मचारी स्कूल पहुंचे. इस संबंध में शिक्षा विभाग का कहना है कि डाबडी में जिस शासकीय प्रावि भवन की छत का हिस्सा गिरा वह जीर्णशीर्ण भवन होकर वहां पर कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही है. भवन की स्थिति को देखते हुए अन्यत्र सुरक्षित जगह भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही है. हालांकि उक्त भवन जिस तरह कुर्सियां व अन्य सामान रखा हुआ है उसको देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है जैसे कक्षाएं संचालित हो रही है.

सारंगपुर तहसील के कमलसरा गांव स्थित शासकीय माध्यमिक वि. की छत 30 जुलाई को बारिश के चलते भरभराकर गिर गई थी हालांकि इसमें किसी प्रकार के कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ था.

### राजस्थान घटना से सतर्क हुआ विभाग

विगत दिवस राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में एक जर्जर स्कूल भवन गिरने से कुछ नौनिहाल छात्रों की दर्दनाक मौत होने की घटना ने झंकझोर दिया था. उक्त घटना के बाद जिले में भी जीर्णशीर्ण शाला भवनों में कक्षाओं का संचालन किसी भी परिस्थिति में नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया. ऐसे भवन जो जर्जर अवस्था में है वहां कक्षाओं का संचालन बंद कर अन्य सुरक्षित जगह भवनों में कक्षाएं संचालित की जा रही है.

## वर्ल्ड टाइगर डे पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित

**इटारसी.** वर्ल्ड टाइगर डे के अवसर पर लायंस क्लब समर्पण द्वारा जीनियस प्लेनेट स्कूल में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सेव टाइगर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 82 विद्यार्थियों ने भाग लियाद्य जिन्होंने एक से बढ़कर एक ड्राइंग बनाई थी जो संदेश दे रही थी टाइगर को हमें बचाना है, जंगल को सुरक्षित रखना है, जिससे टाइगर भी सुरक्षित रहेंगेद्य कई संदेश पूर्ण ड्राइंग बहुत ही मनमोहक बनाई गई. उक्त सभी ड्राइंग्स में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय निकालना अति कठिन कार्य था.प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया.



# डेंगू पसार रहा पैर, बना लोगों की जान का खतरा

**डेंगू से बचाव व नियंत्रण हेतु जारी हुई एडवाइजरी**

**सात दिवस के भीतर जलपात्रों में रखा पानी खाली करें**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 अगस्त, स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू से बचाव व नियंत्रण हेतु एडवाईजरी जारी की गई है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार ने बताया कि वर्षाकाल के दौरान हमारे घर व आसपास तथा छतों पर विभिन्न प्रकार के खुले पड़े जलपात्रों जैसे- पानी की टंकी, टायर, गमले, कूलर, मिटटी के दिये, छत, मटके, पाईप गहुँ, मनी प्लांट के पॉट, प्लास्टिक की बोतल, कप, गिलास, टूटा फुटा सामान ध् खिलौने, कनस्टर व अन्य सामान में भरा पानी मच्छरों के पनपने के प्रमुख स्थान ब्रीडिंग सोर्स हैं. इनमे मच्छर अण्डे देते हैं. इनसे 2-3 दिवस में लार्वा निकलता हैं.**

3-4 दिन बाद प्यूपा में बदलकर 3 दिन बाद मच्छर बनकर उड़ जाता है इस प्रकार 7 से 12 दिवस के भीतर मच्छर अपना उत्पत्ति चक्र साफ व रूके पानी में पूर्ण करते हैं.अत: इनकी रोक थाम हेतु ऐसे समस्त जलपात्रों में भरा पानी शीघ्र खाली करें व नियमित रूप से सात दिवस के भीतर जलपात्रों में भरा पानी खाली करें.

डेंगू के लक्षण पाये जाने पर बिना चिकित्सकीय परामर्श के कोई भी दवा विशेषकर दर्द निवारक दवा का सेवन नहीं करना चाहिये। इससे मरीज गंभीर भी हो सकता हैं। अत: चिकित्सक से परामर्श उपरांत ही उचित उपचार लेवें. बुखार होने पर पेरासीटामोल की दवा ली जा सकती है. संभावित डेंगू के लक्षण होने पर झोलाछाप व अप्रिशिक्षित, अवैध उपचार करने वालो से उपचार नहीं करावें.इससे स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ सकती हैं.

### दिन में काटता है डेंगू का मच्छर

सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि डेंगू का मच्छर सामान्यत: दिन में काटता है व उपत्ति स्थल के 400 मीटर के दायरे में सक्रिय रहता है तथा घरों में नमी व अंधेरे वाले स्थानों में छुपकर विश्राम करता हैं. एडीज मच्छर डेंगू मरीज को काटने पर संक्रमित होकर अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को काटकर डेंगू बीमारी का प्रसार करते है और स्वस्थ्य व्यक्ति डेंगू से बीमार हो जाते हैं.

# बैंक के कारण लग जाता है सड़क पर जाम

## मामले की शिकायत के बावजूद अधिकारी कर रहे अनदेखी



नवभारत न्यूज

**रहली 1 अगस्त. नगर का सबसे व्यस्ततम इलाका राव मार्केट जो कपड़ा मार्केट के नाम से जाहिर है और यहीं भारतीय स्टेट बैंक की शाखा स्थापित है. यह बाजार वर्षों से यातायात समस्या से ग्रस्त है. बैंक के पास निजी पार्किंग नहीं है केवल दस फुट चौड़ा रास्ता और बैंक के निजी दो एटीएम मशीन भी बैंक के बाजू से लगा होने के कारण वाहन सड़क पर खड़ा रखने से दिन भर समस्या बनी रहती है.**

जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक भारतीय स्टेट बैंक में आने वाले आम जनों के वाहनों की लंबी-कतार गदर हेंड पंप से गांधी चौक बाजार तक बेतरतीब खड़े वाहनों से रास्ता पैदल मार्ग भी अवरुद्ध हो जाता है, सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब बैंक का केश लाने वाला वाहन बैंक के सामने आकर घंटे भर बाद रहता है.

### मांग की हो रही अनदेखी

लगभग चार दशक से राव मार्केट सराफ काम्प्लेक्स में स्थापित बैंक को यहां से हटाकर सुविधा जनक स्थान पर ले जाने की मांग लगभग 20 वर्ष से की जा रही है. बैंक के बरिष्ठ अधिकारीयों ने कई बार बैंक स्थानांतरित करने विज्ञापन भी निकाले. करीब दो साल पहले निकले विज्ञापन के आधार पर दस लोगों ने अपने प्रस्ताव जमा किए. अधिकारीयों ने निरीक्षण और चर्चा की पर कोई हल नहीं निकाल सका.

## पौधारोपण के लिए सिंधिया को किया आमंत्रित

**नईसराय।** अखिल भारतीय सिंधिया यूथ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा विगत दिवस केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की गई। इस दौरान जहां उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अगवत कराया,तो वहीं उन्हें राजमाता बाग में पौधारोपण करने के लिए आमंत्रित किया। दरअसल श्री सोलंकी गरेंठी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से भेंट कर राजमाता कैलाशवासी माधवी राजे सिंधिया बाग गरेंठी में पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। इसके साथ ही बारिश से क्षेत्र में हुए नुकसान की जानकारी दी। जिस पर उन्होंनें क्षेत्र के लोगों को हर संभव मद्द दिलाये जाने का भरोसा दिलाया।



# शिवराज से मांगा इस्तीफा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,शहर की खुदी सड़कों व बिजली विभाग द्वारा जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर और अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को आधे दिन का बंद का आह्वान किया था जिसमें व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की थी.व्यापारियों ने कांग्रेस के बंद का समर्थन करते हुए सुबह से दोपहर तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे.**

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि उनका बंद पूरी तरह सफल रहा है क्योंकि आम व्यापारी भी इन समस्याओं से परेशान हैं.उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान को लाखों वोटो से जिताकर संसद में भेजा लेकिन इस जनता को शिवराज सिंह चौहान ने दरकिनार कर दिया. इसलिए व्यापारी और आम जनता भी उनसे नाराज है शिवराज सिंह चौहान से इस्तीफा की मांग को लेकर पोस्टकार्ड भी शहर के व्यापारियों द्वारा लिखे जा रहे हैं जो राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे.

## पिस्टल के साथ युवक ने थाने में बनाया वीडियो

**बुधनी.** थाना परिसर में पिस्टल लेकर घूमते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर मीडिया ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था. उक्त वीडियो में दो शख्स थाना परिसर में घूमते हुए देखे गए थे. एसडीओपी रवि शर्मा ने कहा कि रेहटी थाना अंतर्गत ग्राम सोयत निवासी स्वरूप पिता सुमेरसिंह यादव रेहटी ग्राम रक्षा समिति का सदस्य है. जो अपने साथ लाइसेंसी हथियार लेकर थाना परिसर में घूमते दिखाई दे रहा है. एसडीओपी शर्मा ने कहा कि पूर्व में 26 जून को आयोजित ग्राम तथा नगर सुरक्षा समिति के अनुभाग स्तरीय सम्मेलन के दौरान बनाई वीडियो क्लीपिंग को जोड़कर बनाया गया था.

# बारिश ने तोड़ा कई वर्षों का रिकार्ड

**बीते 24 घंटों में जतारा में 29 मिमी 1 इंच वर्षा दर्ज**

**बान सुजारा बांध के गेट किये बंद**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से जिले में कम मात्रा में बारिश हो रही है। बीते 24 घंटों में केवल जतारा तहसील में 29 मिमी 1 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई। अन्य तहसीलों में बारिश नहीं हुई। जिसके चलते बान सुजारा बांध के गेट बंद कर दिए गए है। इस बार बारिश ने तीन वर्ष का रिकार्ड तोड़ दिया है।**

जिले में अब तक 43.3 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी समय तक 18.6 इंच औसत बारिश दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस वर्ष 24.7 इंच अधिक बारिश हुई है। अभी सावन के 10 दिन और भादो का पूरा महीना शेष हैए जिससे औसत बारिश 50 इंच से अधिक होने की संभावना है। कम बारिश के कारण बान सुजारा बांध के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं।बांध परियोजना के एसडीओ आरएस शेजवार ने बताया कि वर्तमान में पानी का लेवल 313.30 मीटर है जबकि पूरा लेवल 316.50 मीटर है। बांध में वर्तमान भराव 53.436 प्रतिशत है। वर्तमान भराव क्षमता 147.504 मिलियन घन मीटर हैए जबकि पूर्ण भराव क्षमता 276.04 मिलियन घन मीटर है। पिछले वर्ष इसी समय पानी का लेवल 314.40 मीटर था.

## 84 लोगों के नेत्रों का हुआ परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** ग्यारसपुर के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ गोलू सेन एवं अस्पताल के नेत्र सहायक ने लगभग 84 लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्टकी सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट अनेक ऑपरेशन किये जाते है उक्त शिविरो का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है.इस मोके पर कैंप प्रभारी गोलू राठौर मोहन सिंह जादौन, रणवीर सिंह बघेल ने अपना सहयोग प्रदान किया .35लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया 1

# टोकन नहीं मिलने से किसानों ने लगाया जाम

## किसानों के हाथ की उंगली पर काली स्याही का लगाया निशान

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 01 अगस्त 2025, सिवनी मालवा में खाद नहीं मिलने से प्रतिदिन किसान परेशान हो रहे है। बानापुरा मंडी प्रांगण में खाद के टोकन नहीं मिलने से परेशान किसानों का गुस्सा फूटा और नर्मदापुरम हरदा मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया।**



सैंकड़ों किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम टीआई सहित पुलिस बल पहुंचा और किसानों को समझाने का प्रयास किया परन्तु किसान नहीं माने और खाद की मांग करते रहे। खाद नहीं मिलने से परेशान महिलाओं पुरुषों युवाओं की अधिकारियों से बहस होती रही। खाद के लिए किसानों का विरोध यह कोई पहली बार नहीं था इसके पहले भी कई बार विरोध प्रदर्शन किया गया परन्तु प्रशासन की लापरवाही के कारण आएदिन किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों का मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करीब एक डेढ़ घंटे तक चला। जाम से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं जिससे यातायात वाधित हुआ आमजन और वाहन चालकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ा। एम्बुलेंस भी बामुश्किल पुलिस की मदद से निकली। किसानों का आरोप था कि वह पिछले कई दिनों से खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। एसडीएम ने किसानों को टोकन देने के लिए लाईन लगवाने का कहा और इस कार्य में कर्मचारियों को लगाया। कर्मचारियों ने किसानों के नाम लिखकर उनके हाथ की उंगली पर काली सियाही का निशान लगाया।

## एक नजर में



### विधायक द्वारा दो शव वाहन को दिखाई हरी झंडी

**सागर.** विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में दो शव वाहन की सम्पूर्ण जानकारी लेकर शववाहन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया . इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि शव वाहन की सुविधा गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण होती है. शासन की मंशा है कि अंतिम यात्रा भी सम्मानजनक रुप से संपन्न हो. इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर डॉ. नीना गिडीयन, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, सिविल सर्जन डॉ. आर .एस. जंयत, आरके जड़िया, हेमराज अहिरवार, कृष्णा गौर, अंकित प्रजापति, भूपेन्द्र राय, संजय रैकवार, मनोज लोथी, रोहित दुबे, सीताराम, सोनी सिंह, कमलेश पाटस्कर उपस्थित रहे.

### विश्व स्कार्फ दिवस पर कलेक्टर हुए सम्मानित

**विदिशा.** 1 अगस्त1907को लार्ड बेडन पोवेल द्वारा ब्राउनसी नामक दीप पर पहला स्काउट कैंप आयोजित किया गया था तभी से हम एक अगस्त को विश्व स्कार्फ दिवस मनाते है और स्वयं तो स्कार्फ पहनते ही हैं साथ में बरिष्ठ नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारीयों को भी स्कार्फ पहनाकर सम्मानित करते हैं.इस अवसर पर स्काउट गाइड भवन मै बिगीनर्स कोर्स का आयोजन किया गया तथा कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशी मिश्रा को स्कार्फ एवं स्काउट पी कैप पहनाकर सम्मानित किया गया .कार्यक्रम मै जिला सचिव हरिहर चतुर्वेदी, जिला संगठक श्रीमती अनीता पटले, जिला संगठक ए. पी. शुक्ला, सह सचिव दीपक जैन एवं लल्लुसिंह भोई उपस्थित थे.

### 2 अपहृत बालिकाओं को 24 घंटे में ढूंढ निकाला

**तलेन.** तलेन पुलिस ने 24 घंटे पूर्व अपहृत हुई 2 नाबालिग बालिकों को ढूंढ निकाला है. फरियादिया ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उनकी नाबालिक बालिका जिसकी उम्र 16 साल तथा एक अन्य फरियादी जिनकी भी एक नाबालिक बालिका जिसकी उम्र 13 साल है दोनो को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है. घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तलेन द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों बालिकाओं की खोजबीन प्रारंभ कर दी. पुलिस ने लगातार कठिन परिश्रम उपरांत 24 घंटे के अंदर नाबालिक बालिकाओं को सुरक्षित वा सकुशल दस्तयाब कर माता-पिता को सुपुर्द किया. उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. मेहताब सिंह ठाकुर, सउनि कैलाश नारायण यादव ,आर 802 देवेन्द्र जाट, म.आर 557 मीनु व आर .सुमित सायबर सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# मंत्री के दौरे से पहले जागा प्रशासन

**दिखावटी सफाई पर न्यू सिटी कालोनी में हंगामा**

**अफसरों के आश्वासन के बाद माने लोग**



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर की न्यू सिटी कॉलोनी में शुक्रवार सुबह उस समय हंगामा हो गया जब नगर पालिका की जेसीबी सफाई करने के लिए कॉलोनी पहुंची। दरअसल, बाढ़ के बाद कीचड़ और गंदगी से परेशान रहवासियों का गुस्सा इस बात पर फूट पड़ा कि पिछले तीन दिनों से कोई सफाई नहीं हुई और अब मंत्री के दौरे से ठीक पहले प्रशासन सक्रिय हुआ है। लोगों ने साफ कहा कि यह सफाई नहीं, सिर्फ फोटो खिंचवाने और दिखावे की तैयारी है।**

दरअसल मंगलवार को शहर में हुई भारी बारिश ने न्यू सिटी कॉलोनी को बुरी तरह प्रभावित किया। कॉलोनी के दर्जनों घरों में पहली मंजिल तक पानी भर गया था। हालात यह थे कि कुछ घरों में पांच से दस फीट तक पानी और कीचड़ जमा हो गया। बच्चों के स्कूल बैग, घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सब कुछ खराब हो गया।

बारिश के दो दिन बाद भी जब सफाई नहीं हुई, तो गुरुवार को कॉलोनीवासियों ने एबी रोड पर चक्काजाम कर दिया था। महिलाएं सडक़ पर बैठ गईं और तब तक रास्ता नहीं छोड़ा जब तक अधिकारियों ने लिखित आश्वासन नहीं दिया।

## राजस्व मंत्री व प्रभारी मंत्री आज आएंगे

**सीहोर.** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे पहुंचेंगे और सीहोर के बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र पर आयोजित औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा दोपहर 1:30 बजे इछावर तहसील के ग्राम चैनपुरा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके पश्चात दोपहर 02 बजे ग्राम चैनपुरा से प्रस्थान करेंगे. इसी तरह जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे सीहोर पहुंचेंगी और बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र पर औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी.मंत्री श्रीमती गौर दोपहर 12. 30 बजे भोपाल प्रस्थान करेंगी.



# अधिकारियों की बैठक संपन्न

## अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**

इस अवसर पर भारतीय सेना से मेजर अर्जित शाह, एनडीआरएफ टीम लखनऊ से अजय सिंह, भोपाल से एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर गोविंद शर्मा, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान उपस्थित रहे। बैठक में जिले में अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की विस्तार से जानकारी दी ।

# नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

## बेच रहे केमिकलयुक्त फल एवं सब्जी

नवभारत न्यूज

**हंडिया 01, अगस्त** नगर में इन दिनों सब्जियों में कुछ सब्जी विक्रेता अधिक मुनाफा लेने के चक्कर में आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है. बताया जाता है कि सब्जियों व फलों को ताजा,फैश करने के चक्कर में कैमिकल में डुबकर सब्जियों एवं फलों को मानमाने दामों में विक्रय कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। खाद्यय विभाग मिलावट खोरी करने बालों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है. हाल ही में खाद्य अधिकारी द्वारा हंडिया तहसील क्षेत्र में किराना दुकान, व अन्य दुकानों की जॉच कर सैम्पल



लिए गए लेकिन अब सबाल यह उठता है कि फल- एवं की जॉच क्यों नहीं की जाती है! यहाँ खुलेआम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. वही दूसरी तरफ जिम्मेदार अपनी- जिम्मेदारी से दूर भाग रहे हैं. हंडिया -तहसील में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा भ्रमण कर यह जानने की कोशिश भी कभी नहीं कि गई की मॉस, मछली, अण्डे,सडे--गले फल खुलेआम बिक रहे हैं!

**कार्यक्रम** | **विश्व स्तनपान सप्ताह का किया शुभारंभ**

# माताएं पौष्टिक आहार लें ताकि मां और बच्चे स्वस्थ रहें

**बैतूल। जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन में गुरूवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गौला सरपंच गजानंद गावंडे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर सरपंच गजानंद गावंडे ने कोहा कि विश्व स्तनपान दिवस एक बहुत ही महत्वूपर्ण कार्यक्रम हैं। उन्होंने प्रसूता माताओं को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें, स्तनपान से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं बलवान होंगे। साथ ही उन्होंने माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी ताकि मॉ और बच्चे स्वस्थ रह सकें। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश है, इसका मुख्य उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है, विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटाना है। मॉ का दूध शिशु का प्रथम टीका होता है।




मां का कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो सके शिशु को एक घण्टे के अंदर स्तनपान कराए, यह अमृत तुल्य है, यह कई बीमारियों से सुरक्षा करता है, बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, रोगों से लडने की क्षमता प्रदान करता है, मॉ के दूध में इनती शक्ति होती है कि दुनिया में कोई टानिक ऐसा नहीं बना जो मॉ के दूध से अच्छा हो। छ: माह तक शिशु को स्तनपान ही करवायें इसके अलावा कोई भी ऊपरी आहार न देवें, माताऐं बच्चों को दो वर्ष तक स्तनपान करवा सकती हैं।